# OFFICE OF DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, ARARIA

Email address- dlsa_araria@yahoo.com

District & Sessions Judge
cum Chairman
D.L.S.A., Araria

Sub Judge Cum Secretary
D.L.S.A., Araria

---

प्रेषक– अवर न्यायाधीश सह सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया

पत्रांक– 516
दिनांक–19.04.2025

सेवा में,
जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी,
अररिया

विषयः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया में पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों के चयन से संबंधित सूचना अररिया जिले के वेब साईट पर डालने के संबंध में।

महाशय,

सूचित करना है कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना, एवं श्रीमान् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अररिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया में पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त आवेदन से संबंधित सूचना अररिया जिले के वेब साईट पर डालने का कष्ट किया जाय।

अनुलग्नक:- उक्त आवेदन का प्रारूप।

विश्वासभाजन

अवर न्यायाधीश सह सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया

# सूचना

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया

पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है

**(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)**

**कौन आवेदन दे सकता है–**

ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रुचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं इनमें शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित), सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाडी कार्यकर्त्ता डाक्टर, छात्र, गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह मैत्री समूह जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोडकर) जो स्वयं सेवा में रुचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझे। **पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों. को भी पुनः आवेदन देना आवश्यक है।**

**पारा विधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र के कार्य–**

पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता, विधिक सहायता के लिए पीडितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौंपे।

**पदों की संख्या–**

**100 (एक सौ)**। चूंकि पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों से गाँवों या गाँवों के समूह में कार्य होना है। जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयं सेवकों/अधिकार मित्रों कों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा। अतः आवेदक अपने–अपने प्रखंड से ही आवेदन करेंगें।

**आरक्षण–**

क्योंकि पारा विधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है। परन्तु स्कीम के अनुरुप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

**शैक्षणिक योग्यता– मैट्रिक**

**न्यूनतम आयु– दिनांक– 31.03.2025 तक 18 वर्ष पूर्ण हो।**

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह साफ–साफ भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं के प्रमाण की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति लगाकर अधोहस्ताक्षरी के पास पंजीकृत डाक से अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया कार्यालय में **दिनांक– 26.04.2025 को 05:00 बजे अपराह्न** तक हाथों हाथ समर्पित करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 26.04.2025 है, इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। **योग्य उम्मीदवारों का साक्षात्कार माह मई, 2025 के प्रथम सप्ताह में होगी। अपरिहार्य कारणों से साक्षात्कार की तिथि में परिवर्तन हो सकता है।** आवेदक साक्षात्कार की तिथि हेतु व्यवहार न्यायालय, अररिया के वेबसाईट (https://araria.dcourts.gov.in) को समय–समय पर विजिट करें तथा इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया के नोटिस बोर्ड पर भी दी जायेगी। आवेदक साक्षात्कार की तिथि को आवश्यक रुप से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया कार्यालय में उपस्थित रहें इसके लिए कोई अलग से सूचना नहीं भेजी जायेगी। आवेदक व्यवहार न्यायालय, अररिया के वेबसाईट से तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया के प्रबंध कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक अपने आवेदन में अपना संपर्क नं0/मोबाईल नं0 आवश्यक रुप से अंकित करेंगें।

**मानदेय–**

रु0 500/– (पाँच सौ) प्रतिदिन। परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है या स्वयं सेवक गाँव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए0डी0आर0 केन्द्र में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाती है।

**सामान्य अनुदेश–**

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. शारीरिक रुप से स्वस्थ हो।
3. अच्छा चरित्र का हो।
4. समाज सेवा में रुचि रखता हो।

**आवेदन को भेजने का पता–** "सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया, जिला–अररिया, पिन–854311"

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–26–04–2025**

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया
## प्रपत्र
<u>पारा विधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र के चयन हेतु आवेदन पत्र</u>

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

*पासपोर्ट साइज का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित*

1- आवेदक का नाम :–

2. पिता/पति का नाम :–

3. स्थायी पता :–

ग्राम/मोहल्ला– .................... ........................... पंचायत– ..............................................

वार्ड नं0– ........................... प्रखंड– ........................... थाना– ...........................

जिला– ............................... पिन– .............................. राज्य– ...........................

4- वर्त्तमान पता :–

ग्राम/मोहल्ला– .................... ........................... पंचायत– ..............................................

वार्ड नं0– ........................... प्रखंड– ........................... थाना– ...........................

जिला– ............................... पिन– .............................. राज्य– ...........................

5. शैक्षणिक योग्यता :–

6. अन्य योग्यता :–

7. जन्म तिथि :–

8- आवेदक की श्रेणी :– (सामान्य/अनुसूसचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछडा वर्ग/अति पिछडा)– ..................................................

9- मोबाईल नं0/Whatsapp No. ......................................, वैकल्पिक मोबाइल नं0– ............................

10- ईमेल–

11- वर्तमान रोजगार का विवरण– ..........................................................................................

12-यदि आपके विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित है अथवा निष्पादित हुआ हो तो उसका विवरण भरें– ..........................................................................................

..........................................................................................................................

तिथि :–

स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर

# **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया**

पारा विधिक स्वयं सेवक/अधिकार मित्र के चयन हेतु
साक्षात्कार पत्र
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

क्रमांक– ..................
(कार्यालय उपयोग के लिए)

*पासपोर्ट साइज का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित*

(आवेदक द्वारा भरा जाएगा)

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. स्थायी पता :–

5- पत्राचार पता :–

ग्राम/मोहल्ला– ..................... .............................. पंचायत– ....................................................
वार्ड नं0– .............................. प्रखंड– .............................. थाना– ..............................
जिला– .................................. पिन– .................................. राज्य– ...............................

तिथि :–
स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर

<u>केवल कार्यालय उपयोग के लिए</u>

साक्षात्कार तिथि– समय–

स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया